16 नवंबर 2017

मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

# महत्वपूर्ण प्रेस निमत्रंण

## राजनाथ सिंह जामिया मिल्लिया के जे एंड के गर्ल्स हास्टल का शनिवार को करेंगे उद्‌घाटन

केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार, 18 नवंबर, 2017 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआईः के जे एण्ड के गर्ल्स हास्टल का सुबह सवा दस बजे उद्‌घाटन करेंगे।

इस कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद होंगी। उनके साथ राज्य के शिक्षा मंत्री सैयद मुहम्मद अलताफ बुखारी भी कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं।

गृह मंत्रालय ने इस हास्टल के निर्माण के लिए धन उपलब्ध कराया है। यह बहु मंज़िला हास्टल भूकंप प्रतिरोधी तकनीक से बनाया गया है। इसमें विकलांगों की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग से सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

आपसे अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को कवर करें। मीडिया के लिए प्रवेश द्वार विश्वविद्यालय का गेट नंबर 5 है।

अतिरिक्त जानकारी के लिए जेएमआई की मीडिया कोऑर्डनेटर प्रोफेसर साइमा सईद से 9891227771 पर संपर्क करें। इसके अलावा प्रवेश में सुविधा के लिए मीडिया कार्यालय के कर्मियों से 9990478066 और 9911701772 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**प्रो साइमा सईद**

**मीडिया कोऑर्डनैटर**